## सार-समाचार

### पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**करौली**, (निसं)। अग्रवाल समाज करौली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य प्रयास मंडल के ट्रस्टियों को मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश चंद गुप्ता ने मंदिर श्री गोविंद देव जी परिसर में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए समाज व मंदिर हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश चंद्र गुप्ता भगत ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामलाल बजाज बीए,प्रन्यासी मंडल प्रन्यासी दिनेश चंद टेंट वाले, रमेश चंद बजाज, मुकेश गुप्ता मावे वाले, प्रीतम चंद गुप्ता कोर्ट बाले,महेंद्र सिंहल गुड्डू विनोद कुमार बजाज एवं कार्यकारिणी सदस्य मुकेश बंसल मांची वाले, योगेंद्र कुमार सिंघल यूनिक कंप्यूटर वाले, जितेन्द्र जिंदल जीतू फर्नीचर, जितेंद्र गुप्ता रामविलास पैलेस वाले, अशोक कुमार गुप्ता दोनों पत्तल वाले, नीरज गुप्ता बजाज, रवि कुमार जिंदल बजाज, दीनदयाल गुप्ता कल्लू दोना पत्तल वाले, मदनमोहन बंसल विक्की बजाज,रमेश गर्ग डीओ, मुरारी लाल बंसल दूध वाले, लोकेश कुमार गुप्ता बंटी, अजय कुमार गुप्ता कोटे वाले साड़ी वाले, ओम प्रकाश गुप्ता भोजन शाला वाले, निरंजन लाल गुप्ता बेलू काका, दिनेश चंद गुप्ता गुप्ता भाकरी वाले, रमेश चंद गुप्ता संगई, लक्ष्मी चंद गुप्ता बबलू राजौर वाले को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष बृजलाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी विशंभर बंसल अरविंद अग्रवाल, विमल बंसल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाडी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, हैंडबॉल, योग और बॉक्सिंग की स्पर्धाएं होंगी। पहले दिन खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया।नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल मुख्य अतिथि और पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वर्मेन्दु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिथियों ने ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सभापति अग्रवाल ने खिलाडयों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेलों से रोजगार के अच्छे अवसर मिल रहे हैं। प्रधान मंजू गुर्जर ने निष्पक्ष खेल और आपसी सम्मान पर जोर दिया। पहले दिन के मुकाबलों में 17 वर्ष के बास्केटबॉल में डीडायच ने बडी उदेई को 3-2 से हराया। 19 वर्ष की छात्रा बास्केटबॉल में डीडायच ने शैवाला को 1-0से मात दी। हैंडबॉल में सेंट एनेसमेंट स्कूल ने शैलोम को 4-2 से हराया। 19 वर्ष के हैंडबॉल में भूखा की टीम ने मलारना डूंगर को 14-0से हराया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेन्द्र मीणा और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने खिलाडयों को समर्पण और अनुशासन से खेलने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक करणफूल मीणा ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल भावना, ऊर्जा और उत्साह के साथ हुआ, जिसमें खिलाडयों की सहभागिता और खेलों के प्रति समर्पण ने आयोजन को यादगार बना दिया।

### अधिशासी अभियंता को किया एपीओ

**करौली**, (निसं)। करौली जिला परिषद के अधिशासी अभियंता चेतराम मीणा को निलंबित कर मुख्यालय जयपुर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठामीण विकास एवं पंचायती राज राज विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के शासन सचिव एवं आयुक्त जोगाराम ने आदेश जारी किए हैं कि राजस्थान सिविल सेवाएं नियम1958के नियम13के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद के अधिशासी अभियंता चेतराम मीणा को राज्य सेवा से निलंबित किया जाकर निलंबित काल में मुख्यालय ठामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार जयपुर किया गया है निलंबन अवधि में उनके अवकाश वेतन के बराबर उसे सीमा तक यदि वे अर्ध वेतन अवकाश पर रहते के बराबर निर्वाह भत्ता एवं ऐसे वेतन पर अन्य भत्ते देय होंगे।

### किशोर की नदी में डूबने से मौत

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। सनेट गांव में मंगलवार शाम गंभीर नदी में नहाते समय एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ललित महावर (13) पुत्र भरतलाल महावर निवासी सनेट के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ललित अपने दोस्त राहुल (12) के साथ दोपहर करीब 2 बजे घर से निकला था। दोनों किशोर नदी में नहाने उतरे, इसी दौरान गहराई में चले जाने से दोनों डूबने लगे। ठामीणों ने शोर सुनकर घटना की सूचना दी और स्थानीय गोताखोरों ने बचाव कार्य शुरू किया। राहुल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि ललित पानी में डूब गया। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने ललित का शव बरामद किया। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने ललित को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर श्री महावीरजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पिता भरतलाल की रिपोर्ट पर कार्रवाई की। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।बताया गया कि ललित कक्षा 8 का छात्र था और दो भाइयों में सबसे छोटा व दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

### आरबीएम अस्पताल का किया निरीक्षण

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बुधवार को आरबीएम अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर ओपीडी काउन्टर, निशुल्क दवा एवं निशुल्क जाँच योजना में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न वार्डों में जाकर रोगियों की कुशलक्षेम पूछ कर अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कहा कि मौसम में परिवर्तन को देखते हुए मौसमी बीमारियों का अंदेशा रहेगा ऐसे में सभी काउंटरों पर अतिरिक्त स्टाफ लगाकर व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने रोगियों के ओपीडी में जांच के दौरान बनने वाली पर्ची पर अनावश्यक लंबी लाइन को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में नियमित रूप से साफ-सफाई के साथ भीड़ मैनेजमेंट को भी सुव्यवस्थित किया जाए। उन्होंने अस्पताल के बरामदों में एवं वार्डों के बाहर तीमारदारों व अनावश्यक भीड़ को कम करने के लिए गार्डों को विभिन्न वार्डों को भ्रमण कर अनावश्यक भीड़ नही करने के लिए पाबंद करे के निर्देश दिये।

# 'ई-गिरदावरी व फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में प्रगति लायें'

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में वीसी के माध्यम जुड़कर जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों के साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन, ई-गिरदावरी, फार्मर रजिस्ट्री शिविर, जन सुरक्षा सेचुरेशन अभियान, गांव चलों अभियान, शहर चलों अभियान सहित अन्य बिन्दुओं को लेकर व्यापक रूप चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत सभी स्कूलों में शनिवार को नो बैग डे पर बाल विवाह के दुष्परिणामों जागरूकता कार्यशाला आयोजित करें। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी राजस्थान सरकार के दिशा-निर्देश पर संचालित बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के उद्देश्यों का कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिट एंड रन लंबित प्रकरणों की सूचना शीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से बाल विवाह रोकने के लिए उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, बाल कल्याण समिति सदस्य, पुलिस सभी टीम भावना से कार्य करें।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर ई-गिरदावरी एवं फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में प्रगति लायें। उन्होंने कहा कि फसल खराबे के सटीक आंकलन और किसानों को पारदर्शी तरीके से मुआवजा दिलाने के लिए ई-गिरदावरी प्रक्रिया अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि क्षेत्रों में जन, पशुधन, भवन हानि का आंकलन कर एवं आपदा राहत संबंधी प्रकरणों की रिपोर्ट पारदर्शिता के साथ शीघ्र भेजें। जिससे पीड़ित व्यक्ति को समय पर राहत मिल सके।

उन्होंने उपखंड, नगरीय निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान के सफल क्रियान्वयन करने हेतु पूर्व शिविर आयोजित करे, जिले में 18 सितंबर से ग्राम पंचायतों में गांव चलो अभियान संचालित किया जाएगा। जनोपयोगी कार्य सम्पादित करने के लिए इस अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी आगामी आयोजित शिविरों में पात्रजनों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाकर लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर में सभी पात्र लोगों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने के लिए 30 सितम्बर तक वित्तीय समावेशन एवं जन सुरक्षा सेचुरेशन अभियान के तहत संबन्धित विभाग सक्रियता से भाग लेकर सभी पात्र परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने शहर चलो अभियान एवं गांव चलो अभियान के अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के निष्क्रिय खातों की री-केवाईसी करवाने के निर्देष दिए। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत लागू करने और सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सहकारिता सदस्यता अभियान के सुचारू संचालन के लिए सहकारिता विभाग फील्ड में पदस्थापित विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारियों के संबंध में नियमित समीक्षा करें। इस अभियान में नवीन पैक्स का गठन, सदस्यता अभिवृद्धि पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित लाभार्थी को जोड़ना, भूमि विहीन पैक्स हेतु भू-आवंटन कार्यवाही आदि जैसे कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में एक भी ग्राम पंचायत सहकारिता से वंचित नहीं रहे। उन्होंने तीनों अभियानों के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां करें, जिससे पात्रजनों को धरातल पर लाभ मिलें। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, उच्चौन भारती गुप्ता, उपनिदेशक महिला अधिकरिता राजेश चौधरी, उपनिदेशक आईसीडीएस सिकरामाराम चोयल, सहायक निदेषक बाल अधिकारिता अमित अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ज्ञापन दिया

**भरतपुर**, (निसं)। जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी भरतपुर की जिला कार्यकारिणी ने जिलाध्यक्ष तेजवीर सिंह देशवाल के नेतृत्व में जिला कलक्टर भरतपुर के माध्यम से भारत सरकार के प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं निदेशक एनसीईआरटी के नाम ज्ञापन दिया।

संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चौधरी ने बताया गया कि राजस्थान में ही नहीं अपितु समूचे भारत में अजेय लोहागढ दुर्ग अपनी अनूठी स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस दुर्ग को महाराजा सूरजमल व उनके पराक्रमी पुत्र महाराजा जवाहर सिंह जी ने अपने-2 रणकौशल से इसे हमेशा अजेय बनाये रखा। जिला उपाध्यक्ष रघुराज सिंह ने बताया कि लोहागढ जाट रियासत मुगल शासकों से घिरी होने के बावजूद हमेशा स्वतंत्र एवं सनातनी परम्परा की पोषक रही। इन्हीं की वीरता से पूरा ब्रज क्षेत्र अपने धार्मिक स्थलों को मुगल शासकों के आक्रमण एवं अत्याचारों से बचाने में सफल रहा। भरतपुर विधानसभा अध्यक्ष पवन फौजदार ने कहा कि महाराजा सूरजमल आज तक अजेय हिन्दू व बृजरक्षक के रूप में सभी सनातनियों के दिल में बसते हैं।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए निकाली रैली, दिलाई शपथ

**करौली**, (निसं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई द्वारा आत्महत्या रोकथाम की जागरूकता के लिए जिला मुख्यालय पर एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर से रैली निकाली और शपथ का आयोजन किया।

जनजागरुकता रैली में बीएससी-एएनएम प्रशिक्षणार्थी के साथ एनसीसी स्काउट कैडेट्स शामिल हुए। रैली को सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा, पीएमओ डॉ. रामकेश मीना मनोचिकित्सक प्रेमराज मीना द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर प्रभारी कैलाश चंद, डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा सहित ट्रेनिंग सेंटर का स्टाफ मौजूद रहा रैली शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी, रैली ने नारे लगाकर, आईईसी वितरण कर आत्महत्या रोकथाम के प्रति लोगो को जागरूक किया। इसी मौके पर मौजूद अधिकारियों, स्टाफ व छात्र छात्राओं ने आत्महत्या मुक्त करौली की शपथ ली।इस अवसर पर सीएमएचओ ने कहा कि आत्महत्या रोकथाम के लिए समाज के साथ मिलकर संयुक्त प्रयास करने होंगे, हालांकि मानसिक रोगियों कि समय -समय पर जांच और उपचार के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित है इसके तहत मानसिक रोगियों में आत्महत्या की पनपति मंशा को काउंसलिंग के माध्यम से रोकने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन बढ़ते तनाव और अवसाद से ग्रस्त को सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही रोकना संभव है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी की अपेक्षित है।

तेजी से बढ़ते आत्महत्या के मामलों पर रोक लगाने, आम जन को जागरूक करने हेतु एएनएमटीसी मे आत्महत्या के प्रति धारणा बदलकर, शुरू करें बातचीत थीम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें एएनएम एवं बीएससी नर्सिंग छात्रों, मरीजों के परिजनों, स्टॉफ सदस्यो को आत्महत्या रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की,पीएमओ डॉ रामकेश मीना ने 'जीवन है अनमोल इसे यु व्यर्थ ना गवाए' की मूल भावना को अपनाते हुए तनाव मुक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित किया।

मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना ने जिले मे जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई द्वारा किये जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। आमजन को किसी भी तरह की मानसिक और भावनात्मक समस्या होने पर टॉल फ्री 24'7 हेल्पलाइन नंबर 14416 पर सलाह लेने को कहा। डॉ गणेश मीना ने आत्महत्या रोकथाम शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे प्रिंसिपल कैलाश चन्द बैरबा, नर्सिंग अधीक्षक जय सिंह मीना, ट्यूटर कुलदीप, साइकेट्रिक नर्स गौरव गोयल, सीआरए गौरव शर्मा आदि ने भाग लिया।

## जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**करौली**, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में मंगलवार को करौली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सैमरदा में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्क रहकर कार्य करने, दवाईयो की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इस दौरान आवादी विस्तार करवाने, भूमि आवंटन करवाने, पानी की निकासी करवाने, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था करवाने, नल कनेक्शन करवाने, पीएम आवास में नाम जुडवाने, सडक निर्माण करवाने, विद्युत पोल लगवाने, ढीले तारों को टाईट करने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, रास्ते खुलवाने सहित 18 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रात्रि चौपाल एवं सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। रात्रि चौपाल में पेयजल से संबन्धित आमजन की परिवेदनाओं के प्राप्त होने पर गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे आमजन को पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। रात्रि चौपाल के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता पीसी मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गंगा सहाय मीणा आदि मौजूद रहे।

### भोजन के पैकेट वितरित किए

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। लायंस क्लब गोल्ड ने फूड फॉर हंगर अन्न प्रसादम के अंतर्गत भोजन वितरण का कार्यक्रम रखा गया। रीजन सचिव लायन धर्मेंद्र गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर वाजपेई के निर्देशानुसार संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजन 11 के एमजेएफ लायन विवेक कुमार मीना एडवोकेट के कर कमलों द्वारा फूड फॉर हंगर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 25० भोजन के पैकेट शुद्ध घी की पूडी और आलू की सब्जी के जरूरतमंद व्यक्तियों व प्रभुजनों को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर वितरित किए गए। इस मौके पर कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन लायन आलोक मालधानी,लायंस क्लब गोल्ड के अध्यक्ष लायन अशोक गोयल संरक्षक लायन विनोद शर्मा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### सवाईमाधोपुर ने जीता मैच

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सवाई माधोपुर की अंडर 19 क्रिकेट टीम बॉयज ने अपनें ग्रुप में दूसरा मैच जीत कर सवाईमाधोपुर का नाम रोशन किया है। जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर के जॉइंट सेक्रेटरी जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जयपुर में अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में सवाई माधोपुर में अपने लीग में पहला मैच कल बांसवाडा के खिलाफ खेला और बांसवाडा को सरन पर ऑल आउट कर दिया जिसमें सवाई माधोपुर के कृष्ण कुमार गुप्ता ने तीन विकेट लिए और नितेश सैनी अमन शर्मा ने दो-दो विकेट लिए सवाई माधोपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कृष्ण कुमार गुप्ता ने 38 रन बनाए, चांदनी नाबाद 39 रन बनाकर सिरमौर रहे। सवाई माधोपुर की टीम ने 9 विकेट से मैच जीता। बुधवार को दूसरा मैच डूंगरपुर के खिलाफ खेला गया जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सवाई माधोपुर की टीम में 225 रन बनाए जिसमें साहब अभी चांदनी ने 78 रन और मयंक परमार ने 58 रनो का योगदान दिया। डूंगरपुर पीछा करते हुए 136 रन पर ऑल आउट हो गई। सवाई माधोपुर की ओर से कृष्ण कुमार गुप्ता ने तीन विकेट, साहिब अभी चांदनी ने तीन विकेट, आदित्य रावत ने 2 विकेट लिए। सवाई माधोपुर टीम 89 रनो से विजयी रही। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डीडी कुमावत, सचिव डॉ दीपक राज, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन, चयन समिति के सदस्य कृष्ण शर्मा, एनोस हरमन, मो अनीस, जयंत जैन, उपाध्यक्ष शरद माथुर, मनोज बंसल, जॉइंट सेक्रेटरी सूर्य प्रकाश शर्मा ने खिलाडियों को बधाई दी।

### इनामी आरोपी को गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। पुलिस ने 7 महीने से फरार चल रहे 4 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विष्णु राजपूत (27) बाढकलां का रहने वाला है। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और वृत्ताधिकारी सीताराम मीना के नेतृत्व में डीएसटी टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके घर से पकडा। मामला 25 मार्च 2०25 का है। हरगोविंद रैगर ने थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उसकी और उसके भाइयों की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 73० पर निर्माण कार्य चल रहा था। 9 फरवरी को विष्णु राजपूत और बबलू मीना वहां पहुंचे। दोनों ने काम रुकवा दिया। वहां रखे प्लास्टिक के दो ड्रम, दो गैती, दो फावडे और 1० सीमेंट के कट्टे चोरी कर ले गए। साथ ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। टीम में कॉन्स्टेबल कैलाश चंद, विजय सिंह, जितेंद्र कुमार, घनश्याम सिंह और राजेंद्र धाकड शामिल थे।

### स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उदेई मोड पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 16 ग्राम स्मैक बरामद की है। थाना अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम रीको एरिया में गश्त कर रही थी। पानी की टंकी के पास एक बंद दुकान के सामने एक व्यक्ति बैठा था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रशांत बैरवा बताया। तलाशी में उसके पैजामे की जेब से 16.10 ग्राम स्मैक मिली। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रशांत उर्फ पंकज (30) टोकसी का रहने वाला है। थाना सदर गंगापुर सिटी के थानाधिकारी बनी सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। स्मैक की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ जारी है। कार्रवाई में थाना अधिकारी राजवीर सिंह के साथ सहायक उप निरीक्षक कमल प्रसाद, कॉन्स्टेबल राजाराम, संदीप सिंह और जयप्रकाश शामिल थे।

### सफाई की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**भरतपुर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबू राजबहादुर मेमोरियल राजकीय जिला चिकित्सालय भरतपुर का औचक निरीक्षण किया। जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने पी.एम.ओ. नगेन्द्र भदौरिया के साथ जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मरीजों को मिलने वाली दैनिक सुविधाओं की जानकारी ली तथा मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में हालचाल पूँछा। मरीजों को मिलने वाली दवाओं की पर्याप्तता की जानकारी जुटाई। चिकित्सकों द्वारा मरीजों की नियमित जाँच के बारे में पूँछा तथा अस्पताल की साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चिकित्सालय भवन की सुरक्षा एवं मरम्मत का अवलोकन किया। जिला प्रवक्ता एवं मीड़िया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने मरीजों की समस्याओं की जानकारी जुटाकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देष दियें। निरिक्षण के अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष रज्जन सिंह एवं मोहन रारह, जिला जिला आई.टी. सह-संयोजक सुनील सहनावली, चिरौंजा चाची आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### बैठक का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कार्यालय पर जिला अल्पसंख्यक विभाग की एक बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अभी हाल ही में राजस्थान में प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग का गठन किया गया है। जिसके तहत राजस्थान के सभी जिलों में अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी गठित करने हेतु सभी जिलों में जिला प्रभारी एवं सह प्रभारीयों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में भरतपुर में आज जिला प्रभारी जनाब सैफ लोदी खान धौलपुर तथा सहजिला प्रभारी जनाब अजमत काठात अजमेर ने जिला कार्यालय पर जिले की सभी विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक के प्रारंभ में जिला कांग्रेस की ओर से दोनों प्रभारी एवं डीग प्रभारी सतपाल सिंह तथा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिला प्रभारी जनाब सैफ लोदी खान धौलपुर ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार के निर्देशानुसार भरतपुर जिले में अल्पसंख्यक वर्ग के मुसलमान बौद्ध, जैन, ईसाई, फारसी, सिंधी एवं पंजाबी वर्ग के लोगों को कांग्रेस पार्टी में विशेष प्रतिनिधित्व देने की दृष्टि से इस विभाग की स्थापना की गई है, तथा शीघ्रताशीघ्र जिले में इकाइयों के प्रभारीयों एवं डीसीसी जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा जी के परामर्श के बाद पदाधिकारीयों की नियुक्ति की जाएगी।

## प्रत्येक ग्राम पंचायत में 17 सितम्बर से शुरू होगा ग्रामीण सेवा अभियान

**करौली**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि 18 सितम्बर से शुरू होने वाले गांव चलो अभियान का नाम परिवर्तन कर ग्रामीण सेवा अभियान किया गया है तथा यह अभियान अब 17 सितम्बर से जिले की प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर आयोजन पूर्ण होने तक किया जाएगा। जिसके तहत प्रथम सप्ताह के बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार व शनिवार को तथा इसके पश्चात गुरूवार, शुक्रवार व शनिवार को प्रत्येक दिवस 2 ग्राम पंचायतों में प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान 16 विभागों द्वारा 43 प्रकार के कार्य किये जाएंगे इन शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण करवाया जाना, किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड करवाया जाना एंव किसान गिरदावरी के लिए प्रेरित करना, उपखण्ड एवं सहायक कलेक्टर न्यायालयों के लम्बित नाटिसों की तामीली, लम्बित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करना, आपसी सहमति से विभाजन, नामान्तकरण, मूल निवास प्रमाण पत्र बनाना एवं वितरित करना, जाति प्रमाण पत्र बनाना एवं वितरित करना आदि कार्य किये जाएंगे। ठामीण विकास विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत गांव में बीपीएल परिवारों का सर्वे, विधायक, सांसद स्थानीय क्षेत्र कार्यक्रम तथा क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (जैसे डांग, मगरा, मेवात इत्यादि) के तहत उपलब्ध राशि के माध्यम से स्कूलों इत्यादि की मरम्मत हेतु स्वीकृतियां एवं कार्य करवाये जाने हैं।

उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ठामीण)- आईएचएचएल हेतु आवेदन प्राप्त करना एवं स्वीकृतियां जारी करना, सामुदायिक शौचालयों की स्वीकृतियां एवं अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील बनाया जाना, आरआरसी केन्द्रों को भूमि आवंटन एवं केन्द्रों हेतु स्वीकृतियां जारी करना, क्षितठास्त स्कूलों, आंगनवाडी एवं सडकों के सुधार हेतु आपदा प्रबंधन विभाग की गाइडलाइन अनुसार प्रस्ताव तैयार करना, स्वामित्व योजना के तहत पट्टो हेतु आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, मिशन हरयालो राजस्थान वृक्षारोपण हेतु गड्ढे बनाना, पौधारोपण। वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य-(महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, ओरल, ब्रेस्ट, सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग, सिकल सैल रोग की स्क्रीनिंग (ट्राइबल एरिया), बच्चों का टीकाकरण) टीबी मुक्त भारत अभियान (टी.बी. रोग की स्क्रीनिंग, निक्षय मित्र बनाना, पोषण किट का वितरण) पीएमजेवाई कार्ड बनाना एवं वितरित करना। पशुपालन विभाग द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, पशु का टीकाकरण। ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झुलते तारों को खिंचवाना, बिल संबन्धी शिकायतों को प्राप्त करना एवं निस्तारण। कृषि विभाग द्वारा बीज मिनी किट वितरण। आयोजना (संस्थागत वित्त) विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से संबंधित कार्य किये जाएंगे। जनजातिय एवं क्षेत्रिय विकास विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के बिन्दुओं का क्रियान्वयन होगा। खाद्य विभाग द्वारा एनएफएसए परिवारों, सदस्यों की ई-केवाईसी करना, एनएफएसए अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल नवीन पात्र परिवार, सदस्यों की आधार सीडिंग की जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना, यूडीआईडी कार्ड बनाना, छात्रावासों का रखरखाव संबंधित कार्य किये जाएंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के लिए संचालित मैटरनिटी न्यूट्रिशन योजना का लाभ दिया जाएगा। श्रम विभाग द्वारा टूलकिट, औजार सहायता योजना से लाभान्वित किया जाएगा। आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग द्वारा जनहानि, पशुहानि एवं मकानों के नुकसान के आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी की जाएंगी। जल संसाधन विभाग द्वारा पानी के निकासी मार्गों में अतिक्रमण चिन्हित करना, क्षितठास्त बांधों की मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार करना, जल भराव के क्षेत्रों को चिन्हित कर पंचायत से समन्वय कर निकासी की कार्य योजना तैयार करना, कॉज-वे बनाना, बांधों की ऊंचाई बढाना एवं बांधो के गेट लगाने के प्रस्ताव तैयार कर किया जाएगा। उन्होंने आमजन व ग्रामीणों से अपील की है की वे शिविरों में भाग लेकर अभियान को सफल बनाये।

### टूर्नामेन्ट का उद्घाटन

**भुसावर/भरतपुर**, (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर में बुधवार को इन्टर क्लास टूर्नामेन्ट का उद्घाटन उपखण्ड अधिकारी भुसावर राधेश्याम मीना ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि खेल की व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका है तथा विश्व स्तर आयोजित खेल प्रतियोगिताऐं राष्ट्र प्रेम का प्रतीक बन जाती है तथा खेल में जीत राष्ट्रीय गौरव बन जाती है।महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा खेल भावना से आपसी भाईचारा व अनुशासन पनपता है।खेल प्रभारी एवं मैच रेफरी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि वॉलीबाल पुरूष वर्ग में कृषि स्नातक द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-0 तथा दूसरे मैच में चतुर्थ वर्ष ने द्वितीय वर्ष को 2-0 से हराया। वॉलीबाल पुरूष वर्ग में फाइनल मुकाबला चतुर्थ व तृतीय वर्ष में होना है। उन्होंने बताया कि वॉलीबाल महिला वर्ग में द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-0 तथा तृतीय वर्ष ने चतुर्थ वर्ष को 2-0 से हराया। महिला वर्ग में फाइनल मैच तृतीय व द्वितीय वर्ष में होगा। टेबल टेनिस महिला वर्ग में प्राची प्रथम और विनीता द्वितीय स्थान पर रही। डॉ. आकाश तंवर ने मैच कमेन्ट्री की।

## शहर चलो अभियान 15 से 2 अक्टूबर तक

**गंगापुर सिटी**, (निसं)।० राज्य सरकार की ओर से राजस्थान के सभी नगर निकायों मे 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान चलाया जाएगा। शहर चलो अभियान की तैयारी और समस्याओं को चिह्नित करने के लिए और आवेदन प्राप्त करने को लेकर नगर परिषद गंगापुर सिटी में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अलग-अलग स्थानों पर कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीना ने बताया कि विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार शहर चलो अभियान में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट एवं नई लाईट लगाना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, शौचालयों की साफ- सफाई एवं रिपेयरिंग, विभिन्न प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन एवं नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर लाईसेंस, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन तथा मुख्यमंत्री स्वनिधि के योजना के आवेदन, पीएम आवास योजना के आवेदन इत्यादि को लेकर कैंप में कार्य किए जाएंगे। आयुक्त ने बताया कि शहर चलो अभियान की तैयारी एवं समस्याओं को चिह्नित करने के लिए और आवेदन प्राप्त करने हेतु नगर परिषद गंगापुर सिटी में वार्डवाइज शिविरो का आयोजन किया जायेगा। शिविर प्रभारी तरूण जैन ने बताया कि 15 सितम्बर को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी परिसर वाटर वर्क्स ऑफिस में वार्ड एक से पांच तक के, 16 सितम्बर को अम्बेडकर धर्मशाला मिर्जापुर में वार्ड 6 से 1० तक के, 17 सितम्बर को वार्ड 11 से 15 तक का कैम्प राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर दो में लगया जायेगा। 18 सितम्बर को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंवर तीन में वार्ड 16 से 2० तक के निवासियो के लिए कैम्प का आयोजन होगा। 19 सितम्बर को वार्ड 21 से 25 तक का कैम्प विश्राम गृह में, 2० सितम्बर को पंचायत समिति में वार्ड 26 से 3० तक के लिए कैंप का आयोजन होगा। 23 सितम्बर को हायर सैकण्डरी पार्क में वार्ड 31 से 35 का, 24 सितम्बर को सोनी धर्मशाला में वार्ड 36 से 4० का, 25 सितम्बर को वार्ड 41 से 45 का कैम्प मीन भगवान मंदिर परिसर में आयोजित किया जायेगा। 26 सितम्बर को वार्ड 46 से 5० का कैम्प आर्शीवाद मैरिज गार्डन में, 29 सितम्बर को वार्ड 51 से 55 तक का कैम्प राजकीय महाविद्यालय में, एक अक्टूबर को वार्ड 56 से 6० का कैम्प भोमिया जी का बाग दशहरा मैदान में आयोजित किया जायेगा।

### कार्यभार संभाला

**कुम्हेर/भरतपुर**, (निसं)। पंचायत समिति कुम्हेर के प्रधान पद का कार्यभार संभालने के बाद प्रधान रश्मिसिंह फौजदार ने कहा कि तूफानों से डरकर नौका पार नहीं होती और संघर्षों से लड़कर ही सच्चाई की जीत होती।

न्यायालय सिविल न्यायाधीश साहब, स्थान-हिण्डौनसिटी
गोविन्द विरुद्ध गजानन्द आदि
दावा/प्रार्थना पत्र
[illegible]
आज्ञा से
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

